UPBS120006682022

**न्यायालय CIVIL JUDGE (J.D. KLD. at BASTI), Basti**

**पीठासीन अधिकारी–** (DIKSHA AGARWAL), (उ०प्र० न्यायिक सेवा)– UP03335

मूलवाद सं० 528/2022

कमला देवी बनाम रामप्रीत आदि

**08.11.2022**

पत्रावली पेश हुई। प्रार्थना पत्र कागज सं० 6ग2 पर वादी के विद्वान अधिवक्ता को एकपक्षीय रूप से सुना तथा पत्रावली का सम्यक परिशीलन किया।

पत्रावली के अवलोकन से विदित होता है कि वादिनी द्वारा विवादित आराजी सं० 122छ के जुज भाग अक्षरान ए,बी,सी,डी प्रदर्शित नक्शा नजरी वादपत्र के सम्बन्ध में अस्थायी निषेधाज्ञा की याचना की गयी है। वादिनी द्वारा अपने अभिकथन के समर्थन में सूची 10ग1 द्वारा नकल खतौनी कागज सं० 11ग1/1 ता 11ग1/6, नकल खसरा कागज सं० 12ग1, छायाप्रति राजस्व मानचित्र कागज सं० 13ग1 दाखिल किया गया है। खतौनी के अवलोकन से विदित होता है कि विवादित भूमि मिन जुमला नम्बर है। अतः ऐसी स्थिति में बिना प्रतिवादीगण को सुने एकपक्षीय आदेश पारित किया जाना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता है।

**आदेश**

प्रतिवादीगण को नोटिस जारी हो। वादी पैरवी अन्दर तीन दिवस करे। पत्रावली वास्ते निस्तारण प्रार्थना पत्र 6ग2 दिनांक–22.11.2022 को पेश हो।

सिविल जज (जू०डि०)
खलीलाबाद स्थान– बस्ती।

**निस्तारण प्रार्थना पत्र 8ग2**

वादी द्वारा प्रार्थना पत्र 8ग2 विवादित भूमि का नक्शा एवं आख्या जरिए अदालत अमीन मंगवाए जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है। वाद के निस्तारण में अमीन रिपोर्ट व नक्शा सहायक होगा। अतः प्रार्थनापत्र 8ग2 स्वीकार किया जाता है। अदालत अमीन को परवाना जारी हो। वादी पैरवी करे।

सिविल जज (जू०डि०)
खलीलाबाद स्थान– बस्ती।